# म.प्र. रोड डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

(मध्य प्रदेश शासन का उपक्रम)

## कार्यालय – संभागीय प्रबंधक

व्ही.आई.पी. (सरकुलर) रोड, फॉरेस्ट कॉलोनी

छिन्दवाड़ा (म.प्र.) पिन 480001, फोन नं-. 07162-292624

**Email:-** dm-chhindwara@mp.gov.in CIN: U45203MP2004SGC016758


पत्र क्र. 1232/53/तामिया–जुन्नारदेव/एमपीआरडीसी/2022 छिंदवाड़ा, दिनांक 29/03/2022

प्रति,

वनमंडलाधिकारी,
पश्चिम छिन्दवाड़ा,
वनमंडल छिंदवाड़ा (म.प्र.)

**विषय**:– छिंदवाड़ा जिले के अन्तर्गत शासन की एडीबी–6 योजनांतर्गत स्वीकृत तामिया–जुन्नारदेव मार्ग (राज्यमार्ग क्र.–41) कुल लंबाई 28.31 कि.मी. के उन्नयन कार्य में प्रयुक्त होने वाली 8.85 हैक्टेयर वन भूमि के संबंध में।

**संदर्भ**:– आपका पत्र क्रमांक/मा.चि./2022/318 छिंदवाड़ा, दिनांक 27/01/2022।

उपरोक्त विषयांर्गत एवं संदर्भित पत्र के तारतम्य में लेख है कि म.प्र. सड़क विकास निगम के अन्तर्गत छिंदवाड़ा जिले के अन्तर्गत शासन की एडीबी–6 योजनांतर्गत तामिया–जुन्नारदेव मार्ग (राज्यमार्ग क्र.–41) कुल लंबाई 28.31 कि.मी. का उन्नयन कार्य स्वीकृत है। वर्तमान में मुख्यालय भोपाल द्वारा निविदा की कार्यवाही प्रचलित है। मार्ग उन्नयन कार्य हेतु वनक्षेत्र की 8.85 हेक्टेयर वन भूमि की आवश्यकता है, जिसकी स्वीकृति हेतु आनलाईन प्रकरण पृविष्टि का पालन प्रतिवेदन निम्नानुसार हैः–

| क्र | प्रकरण का बिन्दुवार विवरण | टीप |
|---|---|---|
| 1 | वन अधिकार अधिनियम 2006 के अन्तर्गत विनिश्चयन संबंधी कलेक्टर जिला छिन्दवाड़ा का प्रमाण–पत्र की प्रति संलग्न करे। | प्रमाण पत्र हेतु इस कार्यालय द्वारा दिनांक 26/08/2020 को आवेदन किया गया है, वर्तमान में प्रक्रियाधीन है (संलग्न)। |
| 2 | प्रभावित वन क्षेत्र की के.एम.एल. फाईल एवं वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित क्षेत्र की के.एम.एल. फाईल की साफ्ट कॉपी में प्रस्तुत करें। | सी.डी. संलग्न एवं ऑनलाइन आवेदन अंतर्गत अपलोड। |
| 3 | प्रस्ताव में संलग्न पार्ट–1 में हस्ताक्षर कर प्रेषित करें एवं प्रस्ताव 6–6 प्रतियों में प्रस्तुत करें। | संलग्न। |
| 4 | प्रस्तावित मार्ग निर्माण में राजस्व भूमि तो प्रभावित नहीं हो रही है इस संबंध में तहसीलदार का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। | संलग्न। |
| 5 | प्रस्तावित मार्ग को वनमानचित्र में अंकित करते हुये प्रस्ताव में संलग्न करे। | संलग्न। |
| 6 | प्रस्ताव में पंजीयन शुल्क की राशि रू. 1000.00 एवं प्रोसेसिंग शुल्क की राशि रू. 5000.00 कुल राशि रू. 6000.00 का (छः हजार रूपये मात्र) को कोषालय के माध्यम से राजस्व मद मुख्य शीर्ष/उप मुख्य शीर्ष 0406 वानिकी ओर वन्य जीवन लघु शीर्ष 800 अन्य प्राप्तियों में जमा कर, चालान की एक प्रति कोषालय से सत्यापित कर इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। | संलग्न। |

**सहपत्र**:– उपरोक्तानुसार।

कार्यालय पश्चिम वनमण्डल
क्रमांक ...
दिनांक 30/3/22
छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

संभागीय प्रबंधक
एमपीआरडीसी छिंदवाड़ा

MPRDC

# म.प्र. रोड डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

(मध्य प्रदेश शासन का उपक्रम)

## कार्यालय – संभागीय प्रबंधक

व्ही.आई.पी. (सरकुलर) रोड, फॉरेस्ट कॉलोनी

छिन्दवाड़ा (म.प्र.) पिन 480001, फोन नं-. 07162-292624

**Email:-** dm-chhindwara@mp.gov.in CIN: U45203MP2004SG0167

पृष्ठा. क्र. 1233/53/तामिया–जुन्नारदेव/एमपीआरडीसी/2022 छिंदवाड़ा, दिनांक 29/03/2022

<u>प्रतिलिपिः–</u>

1. मुख्य अभियंता (ए.डी.बी.–6/7), एमपीआरडीसी भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. सामाजिक सुरक्षा विशेषज्ञ, एमपीआरडीसी भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. पर्यावरण सुरक्षा विशेषज्ञ, एमपीआरडीसी भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. श्री दिलीप सिंह तेकाम, सहायक महाप्रबंधक/श्री आर.के. सोनी, प्रबंधक, एम.पी.आर.डी.सी. छिन्दवाड़ा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. मेसर्स लॉयन इंजीनियरिंग कंसल्टेंट भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित।

29/3/22

संभागीय प्रबंधक

कार्यालय पश्चिम वनमण्डल छिन्दवाड़ा (म.प्र.)
क्रमांक
दिनांक 30/3/22